उपरोक्त में सही कथन है/हैं:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 तथा 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

82. निम्नलिखित में से कौन प्रथम भारतीय विपरीत लिंग (ट्रान्सजेंडर) न्यायाधीश हैं?

(a) साधना शर्मा, छत्तीसगढ़

(b) चित्रा बरुचा, तमिलनाडु

(c) ओमन कुट्टी, केरल

(d) जोयीता मंडल, पश्चिम बंगाल

83. वर्ष 2017 में एक बड़ा आतंकवादी हमला, जिसमें 500 से अधिक लोग मारे गये, हुआ था

(a) मोगादीशु, सोमालिया में

(b) बीर अल-आबेद, मिस्त्र में

(c) काबुल, अफगानिस्तान में

(d) वाडी अल शीती जिला, लीबिया में

84. 31 मार्च, 2018 को भारत का सबसे तेज सुपर कम्प्यूटर निम्नलिखित में से कौन है?

(a) पीयूष (b) प्रशान्त

(c) प्रत्यूण (d) पुष्कर

85. विश्व का सबसे लंबा शीशे का पुल जो जनता के लिये हाल में चालू किया गया है, चीन के निम्नलिखित में से किस प्रांत में स्थित है?

(a) शैनडोंग (b) हेबेई

(c) सिचुआन (d) जियांगसु

86. 18 फरवरी, 2018 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों (टेस्ट, एक दिवसीय तथा टी-20) में पाँच विकेट लेने वाला प्रथम भारतीय गेंदबाज कौन बना?

(a) रविचंद्रन अश्विन (b) रवींद्र जडेजा

(c) जसप्रीत बुमराह (d) भुवनेश्वर कुमार

87. संयुक्त राष्ट्र द्वारा 14 मार्च, 2018 को प्रकाशित वैश्विक प्रसन्नता रिपोर्ट, 2018 को ध्यान में रखते हुए सूची-II को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए:

| सूची-I (देश) | सूची-II (रिपोर्ट में स्थान) |
|---|---|
| A. डेनमार्क | 1. 1 |
| B. फिनलैंड | 2. 2 |
| C. नॉर्वे | 3. 3 |
| D. आयरलैंड | 4. 4 |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

88. ब्लूमबर्ग/फोर्ब्स के अनुसार 2017 में अधिकतम परिसंपत्ति अर्जित करने वाला भारतीय खरबपति है:

(a) गौतम अदानी

(b) लक्ष्मी मित्तल

(c) मुकेश अंबानी

(d) रतन टाटा

89. 'मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस' 26 फरवरी से 01 मार्च, 2018 के बीच आयोजित हुई थी:

(a) वेलिंगटन, न्यूजीलैंड में

(b) बार्सिलोना, स्पेन में

(c) दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में

(d) पेरिस, फ्रांस में

90. निम्नलिखित में से कौन पहला भारतीय शहर है जिसका अपना लोगो है?

(a) बेंगलूरु (b) मैसूरु

(c) मुम्बई (d) इंदौर

91. पर्यटन एवं संस्कृति का द्वितीय डब्ल्यू टी ओ/यूनेस्को सम्मेलन (11-12 दिसंबर, 2017) हुआ था:

(a) रियाद, सऊदी अरब में

(b) कुवैत सिटी, कुवैत में

(c) मस्कट, ओमान में

(d) आबूधाबी, यू.ए.ई. में

92. सौभाग्य योजना संबंधित है

(a) लड़कियों के विवाह हेतु वित्तीय सहायता से

(b) लड़कियों की शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति से

(c) गरीबी रेखा के नीचे वाले परिवारों को मुफ्त बिजली के प्रावधान से

(d) एक नवजात बालिका की पैदाइश पर वित्तीय सहायता के प्रावधान से

93. 20 फरवरी, 2018 को जारी यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा देश नवजात शिशुओं के लिये सर्वाधिक जोखिम भरा है?

(a) सेंट्रल अफ्रीका रिपब्लिक

(b) अफगानिस्तान

(c) पाकिस्तान

(d) सीरिया

